**जेबी अकादमी, अयोध्या**

**अर्धवार्षिक परीक्षा 2024-25**

**कक्षा- ग्यारहवीं**

**विषय- हिंदी (आधार)**

**विषय कोड- 302**

**निर्धारित समय**- 3 घंटे | **अधिकतम अंक**-80

---

**सामान्य निर्देश-**

- प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभक्त है ।
- खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- खंड 'ख' में पाठ्यपुस्तक अभि. एवं माध्यम पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
- खंड 'ग' में पाठ्यपुस्तक आरोह एवं वितान पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।

**खंड- क (अपठित बोध पर आधारित प्रश्न-18 अंक)**

**प्र.1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(10)**

दबाव में काम करना व्यक्ति के लिए अच्छा है या नहीं इस बात पर प्रायः बहस होती है। कहा जाता है कि व्यक्ति अत्यधिक दबाव में नकारात्मक भाव को अपने ऊपर हावी कर लेता है, जिससे उसे अक्सर कार्य में असफलता प्राप्त होती है । वह अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी खो बैठता है । दबाव को यदि ताकत बना लिया जाए तो न सिर्फ सफलता प्राप्त होती है, बल्कि व्यक्ति कामयाबी के नए मापदंड रचता है। ऐसे बहुत सारे उदाहरण हैं, जब लोगों ने अपने काम के दबाव को अवरोध नहीं बल्कि ताकत बना लिया । सुख-दुख, सफलता-असफलता, शांति-क्रोध और क्रिया-कर्म हमारे दृष्टिकोण पर ही निर्भर करता है। जोस सिल्वा इस बात से सहमत होते हुए अपनी पुस्तक 'यू द हीलर' में लिखते हैं कि 'मन- मस्तिष्क को चलाता है और मस्तिष्क शरीर को। इस तरह शरीर मन के आदेश का पालन करता हुआ काम करता है।

दबाव में व्यक्ति यदि सकारात्मक होकर काम करे, तब वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब होता है। दबाव के समय मौजूद समस्या पर ध्यान केंद्रित करने और बोझ महसूस करने की बजाय यदि यह सोचा जाए कि हम अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, जो एक कठिन चुनौती को पूरा करने के लिए तत्पर हैं, तो हमारी बेहतरीन क्षमताएं स्वयं जाग्रत हो उठती हैं। हमारा दिमाग जिस चीज पर भी अपना ध्यान केंद्रित करने लगता है, वह हमें बढ़ती प्रतीत होती है। यदि हम अपनी समस्याओं के बारे में सोचेंगे तो वे भी बड़ी महसूस होंगी। इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए कि 'जीतना एक आदत है, पर अफसोस ! हारना भी आदत ही है।'

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

(क) दबाव में काम करने से व्यक्ति - **(1)**

i. कार्य में सफल नहीं होता है ii. शारीरिक स्वास्थ्य खो देता है

iii. मानसिक स्वास्थ्य खो देता है iv. उपर्युक्त सभी

(ख) दबाव हमारी सफलता का कारण बनता है, जब व्यक्ति - **(1)**

i. दबाव को ताकत बना लेता है ii. दबाव में सकारात्मक रूप से काम करता है

iii. उपर्युक्त दोनों iv. उसी भाषा में जवाब देता है

(ग) दबाव में सकारात्मक सोच है- **(1)**

i. समस्या पर ध्यान केंद्रित न करना ii. कार्य को बोझ समझना

ii. कठिन से कठिन चुनौती के लिए तत्पर रहना iv. काम छोड़ देना

**अति लघु / लघु उत्तरीय प्रश्न :**

(घ) सफलता-असफलता, सुख-दुख, शांति-क्रोध सब किस पर निर्भर करता है? **(1)**

(ड.) कार्य में असफलता कब प्राप्त होती है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

(च) दबाव मुक्त व्यक्ति की स्थिति का वर्णन कीजिए। **(2)**

(छ) मनुष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कब करता है? **(2)**

**प्र.2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के दीजिए ।** **(8)**

यह लघु सरिता का बहता जल
कितना शीतल, कितना निर्मल
हिमगिरि के हिम से निकल-निकल,
यह विमल दूध-सा हिम का जल,
कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल,
तन का चंचल मन का विह्वल
यह लघु सरिता का बहता जल।
ऊँचे शिखरों से उतर-उतर
गिर-गिर, गिरि की चट्टानों पर,
कंकड़-कंकड़ पैदल चलकर
दिनभर, रजनी-भर, जीवन-भर
धोता वसुधा का अंतस्तल
यह लघु सरिता का बहता जल।
हिम के पत्थर वो पिघल-पिघल,
बन गए धरा का वारि विमल,
सुख पाता जिससे पथिक विकल
पी-पी कर अंजलि भर मृदुजल
नित जलकर भी कितना शीतल
यह लघु सरिता का बहता जल।
कितना कोमल कितना वत्सल
रे जननी का वह अंतस्तल,
जिसका यह शीतल करुणाजल
बहता रहता युग-युग अविरल

गंगा, यमुना, सरयू निर्मल
यह लघु सरिता का बहता जल।

**बहुविकल्पीय प्रश्न :**

**(क)** जल की तुलना दूध से क्यों की गई है? **(1)**

i. जल दूध के समान दुर्लभ है
ii. हिम के पिघलने से जल बनता है, जो दूध की तरह शुद्ध, पवित्र होता है
iii. दोनों तरल पदार्थ हैं
iii. दोनों जीवन के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक हैं

**(ख)** 'तन का चंचल मन का विह्वल'- का सटीक आशय है **(1)**

I. नदी जल हमेशा सागर से मिलने को बेचैन रहता है ।
II. जैसे शरीर में चंचल मन सदैव स्थिर रहता है, उसी तरह नदी का जल भी हर समय स्थिर रहता है।
III. जैसे शरीर में चंचल जल सदैव अस्थिर रहता है, उसी तरह नदी का मन चंचल रहता है।
IV. जिस प्रकार शरीर में मन चंचलता के कारण हर वक्त गतिशील रहता है, उसी तरह छोटी नदी का जल भी हर समय गतिमान रहता है।

**(ग) '**रे जननी का वह अंतस्तल' में जननी किसे कहा गया है? **(1)**

i. भारत माता
ii. माँ अम्बा
iii. नदी
iv. जन्मदात्री माँ

**(घ)** सरिता जल का उद्‌भव किससे हुआ है? **(1)**

**(ड.)** 'नित जलकर भी कितना शीतल' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । **(2)**

**(च)** काव्यांश में सरिता जल की किन प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ? **(2)**

**खंड- ख (अभिव्यक्ति और माध्यम के पाठों पर आधारित प्रश्न- 22 अंक)**

**प्र.3. निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- (6)**

(क) एक राष्ट्र- एक चुनाव
(ख) क्या है मानव जीवन का परम उद्‌देश्य
(ग) सर्दियों की एक शाम

**प्र.4. शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव की ओर से उत्तर-प्रदेश के शिक्षा सचिव को राज्य में खेल-कूद को बढ़ावा देने का निर्देश देते हुए एक पत्र लिखिए । (5)**

**अथवा**

**विभिन्न अवसरों पर बजते डीजे की तेज़ आवाज से फैलने वाले ध्वनि प्रदूषण व अन्य दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए जिलाधिकारी महोदय, अयोध्या को एक पत्र लिखिए ।**

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए। (4x2=8)**

(क) डायरी हमारी एक अच्छी दोस्त है । कैसे ?
(ख) पटकथा लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है?
(ग) अन्तःवैयक्तिक और अंतरवैयक्तिक संचार में क्या अंतर होता है?
(घ) समाचार पत्र में सम्पादकीय पृष्ठ का क्या महत्व है?
(ड.) किन्ही चार समाचार पत्रों के नाम लिखिए ।

**प्र.5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (1x3=3)**

(क) इंटरनेट पत्रकारिता ने किस प्रकार दुनिया को समेट लिया है, उदहारण सहित स्पष्ट कीजिए ।
(ख) समाचार के विभिन्न तत्वों में से किन्ही तीन की व्याख्या कीजिए ।

**खंड- ग (पाठ्य पुस्तक आरोह एवं वितान पर आधारित प्रश्न- 40 अंक)**

**प्र.6. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (5x1=5)**

आज गीता पाठ करके
दंड दो सौ साठ करके
खूब मुगदर हिला लेकर
मूठ उनकी मिला लेकर
जब कि नीचे आए होंगे
नैन जल से छाए होंगे।
हाय, पानी गिर रहा है।
घर नज़र में तिर रहा हैं।
चार भाई चार बहिनें
भुजा भाई प्यार बहिनें
खेलते या खड़े होंगे
नजर उनको पड़े होंगे।
पिता जी जिनको बुढ़ापा,
एक क्षण भी नहीं व्यापा,
रो पड़े होंगे बराबर
पाँचवें का नाम लेकर

**i. कवि के पिता की दिनचर्या का हिस्सा नहीं है-**

(क) गीता पाठ करना (ख) दंड बैठक करना
(ग) प्रातः कालीन भ्रमण (घ) मुगदर चलाना

**ii. पिता की आँखें भीगने का क्या कारण रहा होगा?**

(क) कवि की याद (ख) अपनी माँ की याद
(ग) शारीरिक पीड़ा (घ) बेटियों की चिंता

**iii. कवि ने भाई बहन के बारे में क्या बताया है?**

(क) चार भाई तीन बहिनें (ख) प्यार भाई भुजा बहिनें
(ग) भाई-बहनों में आपस में तनाव था (घ) भाई-बहनों में आपस में अधिक प्रेम था

**iv. कवि को किस कारण से जेल जाना पड़ा था?**

(क) मारपीट के अपराध में (ख) चोरी के अपराध में
(ग) भ्रष्टाचार के मामले में (घ) स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लेने कारण

**v. उपर्युक्त पंक्तियों के कवि का नाम क्या है?**

(क) भवानी सिंह (ख) भवानी प्रसाद मिश्र
(ग) भवानी शंकर (घ) जय शंकर प्रसाद

**प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)**

**(क)** मीरा कृष्ण के प्रति अपनी अनन्यता कैसे व्यक्त की है?

(ख) "जैसे बाढ़ी काष्ठ ही काटै अगिनि न काटै कोई ।
सब घटि अंतरि तूही व्यापक धरै सरूपै सोई ॥"- पंक्ति की व्याख्या कीजिए ।

**(ग)** 'घर की याद' कविता एक करुण गीत है, कैसे? तर्क सहित उत्तर दीजिये ।

**प्र.8. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2x2=4)**

**(क)** कबीर के अनुसार ईश्वर के स्वरुप का वर्णन कीजिए ।

**(ख)** चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ता पर बाजार गिरे?

**(ग)** कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

**प्र.9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (5x1=5)**

अलोपीदीन ने कलमदान से कलम निकाली और उसे वंशीधर के हाथों में देकर बोले-न मुझे विद्वता की चाह है, न अनुभव की, न मर्मज्ञता की, न कार्य कुशलता की। इन गुणों के महत्त्व का परिचय खूब पा चुका हूँ । अब सौभाग्य और सुअवसर ने मुझे वह मोती दे दिया है जिसके सामने योग्यता और विद्वता की चमक फीकी पड़ जाती है। यह कलम लीजिए, अधिक सोच विचार न कीजिए, दस्तखत कर दीजिए। परमात्मा से यही प्रार्थना है कि वह आपको सदैव वही नदी के किनारे वाला बेमुरौवत, उदंड, कठोर परंतु धर्मनिष्ठ दारोगा बनाए रखे।

**i.** अलोपीदीन वंशीधर से क्या चाहते थे?

(क) माफ़ीनामा (ग) मुआवजा

(ख) मैनेजर बनने के लिए उनकी सहमति (घ) धन

**ii.** अलोपीदीन को किन गुणों का परिचय खूब मिल चुका था?

(क) विद्वता (ग) अनुभव

(ख) कार्यकुशलता (घ) सभी

**iii.** वंशीधर कैसे दारोगा थे?

(क) धर्मनिष्ठ (ग) बेईमान

(ख) कठोर (घ) रिश्वतखोर

**iv.** निम्नलिखित में से कौन-सी वंशीधर की विशेषता नहीं है-

(क) धर्मनिष्ठ (ग) ईमानदार

(ख) कर्तव्यपरायण (घ) धन-लोलुप

**v.** गद्यांश के आधार पर अलोपीदीन की चारित्रिक विशेषता चुनिए-

(क) मददगार (ग) चालाक

(ख) ईमानदार व्यापारी (घ) गुणों के पारखी

**प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (2x3=6)**

**(क)** नमक का दारोगा कहानी का प्रधान पात्र कौन-सा है, वह आपको कैसे प्रभावित करता है?

**(ख)** मियाँ नसीरुद्दीन तीसरी पीढ़ी के हैं, जिसने अपने खानदानी व्यवसाय को अपनाया। वर्तमान समय में प्रायः लोग अपने पारंपरिक व्यवसाय को नहीं अपना रहे हैं। ऐसा क्यों?

**(ग)** सत्यजित राय को 'पाथेर पांचाली' फिल्म निर्माण में ढाई साल क्यों और कैसे लग गये?

**प्र.11.निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2x2=4)**

**(क)** पाठ में मियाँ नसीरुद्दीन का शब्दचित्र लेखिका ने कैसे खींचा है?

**(ख)** नमक का दारोगा' कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौन-से दो पहलू उभरकर आते हैं?

**(ग)** पाथेर पांचाली फिल्म बनाने में किस पात्र चयन को लेकर क्या समस्या आयी?

**प्र.12.निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। (2x5=10)**

**(क)** चित्रपट संगीत ने लोगों के कान बिगाड़ दिए- अकसर यह आरोप लगाया जाता रहा है| इस संदर्भ में कुमार गंधर्व की राय और अपनी राय लिखें|

**(ख)** लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है? आपको लता की गायकी में कौन-सी विशेषताएँ नज़र आती हैं? उदाहरण सहित बताइए|

**(ग)** चेजारो के साथ गाँव समाज के व्यवहार में पहले की तुलना में आज क्या फर्क आया है? पाठ के आधार पर बताइए|

*****